# इंदौर में कोरोना के 4218 एक्टिव केस

**इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क**

जिले में कोरोना वायरस'कोविड 19'के 279 नए मामले आने के बाद एक्टिव केस (उपचाररत रोगी) की संख्या 4218 तक जा पहुंची है। तीन संक्रमितों की मौत दर्ज किये जाने के बाद मृतकों की संख्या 421 हो गयी है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) ने रविवार रात बुलेटिन जारी कर बताया कि कल जांचे गए 1954 समेत अब तक कुल दो लाख तैंतीस हजार चार सौ इकत्तर (233571) सैंपल की जांच रिपोर्ट प्राप्त की गयी है। इनमें से अब तक कुल 14870 लोग संक्रमित पाये गये हैं। इन कुल संक्रमितों में से रविवार को तीन और की मौत दर्ज होने के बाद अब तक कुल 421 संक्रमितों की मौत हो चुकी है। उधर राहत की खबर है कि अब तक कुल 10231 रोगी स्वस्थ हो चुके हैं। इसके बाद अस्पताल में उपचाररत रोगियों की संख्या 4218 है। वहीं संस्थागत कवारेंटाइन केंद्रों से भी अब तक कुल 6226 संदेहियों को स्वस्थ होने पर छोड़ा जा चुका है।

### उज्जैन में मिले कोरोना के 31 नए मामले

**उज्जैन।** जिले में कोरोना संक्रमण के 31 नए मामले आने के बाद अब इनकी संख्या बढ़कर 1967 हो गई है, हालाकि इनमें से 1562 मरीज उपचार के बाद स्वस्थ होकर घर पहुंच चुके हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की ओर से रविवार रात जारी बुलेटिन में बताया गया है कि पिछले 24 घंटे में 766 प्राप्त सैंपल में से 31 कोरोना संक्रमित पाए गए, जिनमें से 30 उज्जैन के और तराना तहसील का एक मरीज शामिल है।

## ग्वालियर में फिर धारा 144 लागू, कमलनाथ का मेगा शो स्थगित, भाजपा ने भी टालीं चुनावी बैठकें

**ग्वालियर।** अंचल में रोजाना 2-3 कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौत हो रही है, जबकि नेताओं को वोटों की चिंता सता रही है। भाजपा-कांग्रेस में चुनावी कार्यक्रमों की होड़ लगी है। इससे अंचल में कोरोना की विस्फोटक स्थिति बन चुकी है। इसे देखते हुए जिला प्रशासन को एक बार फिर रैली, सभाओं व प्रदर्शनों को धारा 144 के तहत प्रतिबंधित करना पड़ा है। जिला प्रशासन के इस आदेश के बाद कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के मेगा शो का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। भाजपा भी नेताओं की आगामी चुनावी बैठकों पर ब्रेक लगाने के लिए मजबूर हुई है।

खास बात यह है कि बढ़ते राजनीतिक आयोजनों के बाद नेता भी तेजी से संक्रमण का शिकार हुए हैं। 22 से 24 अगस्त तक जिले में तीन दिवसीय सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया था। इसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर व राज्यसभा सदस्य ज्योतिरादित्य सिंधिया विशेष रूप से मौजूद रहे थे। आयोजन में 50 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं को जुटाया गया था। कांग्रेस ने इसका विरोध करते हुए चार हजार से अधिक लोगों के साथ प्रदर्शन भी किया था।

## सतना में राजस्व अधिकारी के कोरोना संक्रमित पाए जाने पर कार्यालय सात दिन के लिए बंद

**सतना।** जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय के एक राजस्व अधिकारी के कोरोना संक्रमित पाये जाने के बाद कार्यालय को अगले सात दिनों के लिए आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया है। अधिकारिक जानकारी के अनुसार स्थानांतरित होकर सतना आये एक राजस्व अधिकारी कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं बताया गया कि अधिकारी के संपर्क मे आने वाले कार्यालय के एक दो कर्मचारियों में भी संक्रमण के लक्षण दिखने के बाद आगामी सात दिनो के लिये संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय को आमजनो के लिये निषिद्ध घोषित कर दिया गया है।

## हनीट्रैप मामले के जांच अधिकारी को अदालत ने तलब किया

**इंदौर, (एजेंसी)।** इंदौर की एक अदालत ने बहुचर्चित हनीट्रैप मामले की जांच कर रहे पलासिया थाना प्रभारी को जप्त साक्ष्य के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। लोक अभियोजन के अनुसार जिला सत्र न्यायालय की विशेष न्यायाधीश रेणुका कंचन ने आज थाना प्रभारी को एक पत्र जारी किया है।

इस मामले की आज नियमित सुनवाई के दौरान श्रीमती कंचन ने थाना प्रभारी के साक्ष्य के उपस्थित न होने पर नाराजगी जाहिर की है। अदालत ने कहा कि इससे पहले भी कई बार जांच अधिकारी को साक्ष्य के साथ उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया था। लेकिन लगातार न्यायालय के आदेश को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। अदालत ने आगामी 15 सितंबर को थाना प्रभारी को तलब किया है। सितम्बर 2019 में इंदौर नगर निगम के तत्कालीन सिटी इंजीनियर की शिकायत पर पलासिया थाना पुलिस ने एक प्रकरण दर्ज किया था। अंतरंग पलों का वीडियो बनाकर 3 करोड़ रुपये की मांग करने के आरोप में पुलिस ने 4 महिलाओं सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

### आत्महत्या के बढ़ते मामलों पर रमन का भूपेश सरकार पर हमला

**रायपुर, (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह ने एनसीआरबी की रिपोर्ट में बीते वर्ष राज्य में आत्महत्या के मामलों में आठ प्रतिशत इजाफे पर राज्य की सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए उसे आड़े हाथों लिया है। डा.सिंह ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की आत्ममुग्धता के कारण प्रदेशवासी आत्महत्या करने को मजबूर है। किसान आत्महत्या कर रहे है,मजदूर आत्महत्या कर रहे है, बेरोजगार आत्महत्या कर रहे है और कोरोना मरीज आत्महत्या कर रहे है । उन्होने श्री बघेल पर तंज कसते हुए कहा कि ये रिपोर्ट भी राहुल गांधी जी को दिखा दीजिये,18 महीने की यही सच्चाई है । डा. सिंह ने इसके साथ ही राष्ट्रीय क्राइम रिकार्ड ब्यूरों (एनसीआरबी) की एक स्थानीय समाचार पत्र में छपी रिपोर्ट सम्बन्धी समाचार को भी टैग किया है।

## बड़वानी के नागलवाड़ी क्षेत्र से 77 लाख रुपए के गांजा के पौधे ज़ब्त

**बड़वानी, (आरएनएन)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा चार थानों के पुलिस बल के माध्यम से नागलवाड़ी थाना क्षेत्र में अवैध रूप से उगाए जा रहे 77 लाख रुपए मूल्य के गांजे के पौधे जब्त कर तीन व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक निमिष अग्रवाल ने सोमवार अपरान्ह नागलवाड़ी में बताया कि चार थाना क्षेत्रों के पुलिस बल ने डीएसपी आदित्य राज सिंह के नेतृत्व में ग्राम कुसमी स्थित चार खेतों में दबिश देकर गांजे के 6 क्विंटल वजन के पौधे जब्त किए। यह गांजे के पौधे शासकीय भूमि पर कब्जा कर सुरसिंह तथा दुर्गा और मुकेश नामक भाइयों ने तुवर तथा कपास की फसलों के बीच अवैध रूप से उगा रखे थे। ज़ब्त किए गए गांजे का मूल्य 77 लाख 22 हजार रुपए है। उन्होंने बताया कि दुर्गा के विरुद्ध पूर्व में भी कुछ अपराध दर्ज हैं। एक अन्य कार्रवाई में थाना नागलवाड़ी ने 9 किलो गांजे के साथ रतलाम के ग्राम गुणावद नामली निवासी दिनेश जाट को गिरफ्तार किया गया है। उक्त गांजा वह सेंधवा ग्रामीण थाना क्षेत्र से खरीद कर ले जा रहा था।

# शासकीय कार्यालयों में नहीं होगी मीटिंग

## कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच छग सरकार का फैसला

**रायपुर, (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच राज्य सरकार ने शासकीय कार्यालयों में होने वाली सामान्य बैठकों को ना कराने के आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी संभागायुक्तों और कलेक्टरों को पत्र लिखकर आदेश जारी किया है।

जारी आदेश में कहा गया है कि अपरिहार्य कारणों से अगर अत्यावश्यक बैठक कराने की आवश्यकता हो तो, वह भी वर्चुअल या वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही कराया जाए। इसके साथ ही आदेश में स्पष्ट निर्देश दिये गए हैं कि किसी भी प्रकार की भीड़-भाड़ अथवा जनसमूह वाले सार्वजनिक आयोजन ना किए जाएं। वहीं शासकीय कार्यालयों में सोशल-फिजिकल डिस्टेंसिंग, सैनिटाइजेशन तथा कोरोना संबंधी अन्य सावधानियों का पालन किया जाए।

### कर्मचारियों के कोरोना संक्रमित पाए जाने पर कार्यालय तीन दिन के लिए सील

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिला मुख्यालय स्थित एक सरकारी कार्यालय के आठ से अधिक कर्मचारियों को कोरोना संक्रमित पाए जाने पर सोमवार से तीन दिनों के लिए दफ्तर सील कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी छतर सिंह डेहरे ने कार्यालय कलेक्टर जिला गरियाबंद में कार्यरत आठ कर्मचारी के कोरोना संक्रमित पाये जाने कारण कार्यालय को आगामी 72 घंटे के लिए समस्त गतिविधियों को स्थगित रखने के आदेश दिए हैं। आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। जिले में कोरोना वायरस संक्रमित लोगों की संख्या में इजाफा हो रहा है। जिले में पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर अब 400 से अधिक हो गई है।

## झाबुआ में फ्लोर मिल पर छापा सात संचालक गिरफ्तार, दो फरार

**झाबुआ, (आरएनएन)।** जिले के पेटलावद स्थित एक फ्लोर मिल पर सोमवार को भोपाल से आई नागरिक आपूर्ति निगम की एक टीम द्वारा छापे कार्रवाई के दौरान मिल के सात संचालकों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि दो फरार हो गए हैं। जानकारी के अनुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशन की गडबड़ी के मामले की शिकायत के बाद सुबह भोपाल की नागरिक आपूर्ति निगम की एक टीम ने जिले के पेटलावद स्थित इस फ्लोर मिल पर छापा मारा। जहां अनाज खरीदी के रिकार्ड में गड़बड़ी पाए जाने के बाद टीम ने इस कंपनी के नौ संचालक अली हुसैन बोहरा, लोकेश गादिया, मुनिरा बोहरा, मोहम्मदी बोहरा, मुस्तनसिर चिकलियावाला, होजेफा बोहरा, संजय व्होरा जैन, रजीनकांत लोढा, श्रेणीक कुमार गादिया के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। इसके बाद पुलिस ने सात संचालकों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि कार्रवाई के दौरान कंपनी के दो संचालक फरार हो गए हैं।


**एमपीडीएल लिमिटेड**
**(पूर्व में मोनेट प्रोजेक्ट डेवलपर्स लिमिटेड)**
पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट नं. 216, सेक्टर-सी, उर्ला इंडस्ट्रीयल कॉम्प्लेक्स, रायपुर- 493221 (छत्तीसगढ़) दूरभाष नं. : +91 11 29218542-46,
फैक्स : +91 11 29218541 ईमेल : isc_mpdl@monnetgroup.com;
वेबसाइट : www. monnetgroup.com सीआईएन- एल 70102सीटी2002पीएलसी015040

**सूचना**

सेबी (सूचीबद्ध दायित्व एवं प्रकटन आवश्यकतायें) विनियम, 2015 के विनियम 29 एवं 47 के साथ पठित विनियम सहित के अनुसार एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अन्य विषयों के साथ 30 जून, 2020 को समाप्त हुई तिमाही के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन करने हेतु कंपनी के व्यापारिक कार्यालय पर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक सोमवार, 14 सितंबर, 2020 को मोनेट हाऊस, 11, मस्जिद मोठ, ग्रेटर कैलाश-, नई दिल्ली-110048 (भारत) में आयोजित की जायेगी।
सूचना कम्पनी की वेबसाइट (www.monnetgroup.com) पर एवं स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के आदेश द्वारा
एमपीडीएल लिमिटेड
(पूर्व में मोनेट प्रोजेक्ट डेवलपर्स लिमिटेड)
दिनांक : 07.09.2020
स्थान : नई दिल्ली
अनुराग सिंह राठौर
कंपनी सेक्रेटरी



**मोनेट इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : प्लॉट नं. 216, सेक्टर सी, उर्ला इंडस्ट्रीज कॉम्प्लेक्स, रायपुर- 493221 (छत्तीसगढ), दूरभाष नं. : +91 11 29218542-46,
फैक्स : +91 11 29218541 ईमेल : isc_mind@monnetgroup.com
वेबसाइट : www. monnetgroup.com सीआईएन: एल 51103सीटी1982पीएलसी009717

**सूचना**

सेबी (सूचीबद्ध दायित्व एवं प्रकटन आवश्यकतायें) विनियम, 2015 के विनियम 29 एवं 47 के साथ पठित विनियम सहित के अनुसार एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अन्य विषयों के साथ 30 जून, 2020 को समाप्त हुई तिमाही के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार एवं अनुमोदन करने हेतु कंपनी के व्यापारिक कार्यालय पर बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक सोमवार, 14 सितंबर, 2020 को मोनेट हाऊस, 11, मस्जिद मोठ, ग्रेटर कैलाश-, नई दिल्ली-110048 (भारत) में आयोजित की जायेगी।
सूचना कम्पनी की वेबसाइट (www.monnetgroup.com) पर एवं स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bseindia.com) पर भी उपलब्ध है।

बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के आदेश द्वारा
मोनेट इंडस्ट्रीज लिमिटेड
दिनांक : 07.09.2020
स्थान : नई दिल्ली
प्रिया
कंपनी सेक्रेटरी


# बालिका की दुष्कर्म व हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम, (एजेंसी)।** जिले में एक बालिका की सामूहिक दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर देने के मामले में फरार तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने सोमवार को इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बालिका से दुष्कर्म और हत्या के तीन आरोपी कालू सिंह निनामा, दिपला और रवि सिंह निनामा को गांव के बाहर एक खेत से गिरफ्तार किया गया। रविवार को पुलिस ने बालिका का शव बरामद किया था। एसपी श्री तिवारी ने बताया कि आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे शराब पीकर आए थे और उन्होंने किराना दुकान से घर जाने के दौरान बालिका का अपहरण कर लिया। बालिका को गांव के बाहर ले जाकर तीनों आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद उसे पास के एक पानी भरे गड्ढे में डुबो डुबों कर मार दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसकी लाश मक्का के एक खेत में फेंक दी और गांव से फरार होने की फिराक में थे। इसी बीच वह पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

### उज्जैन में शातिर बदमाश की धारदार हथियार से हत्या

**उज्जैन।** जीवाजीगंज थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक शातिर बदमाश की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शहर के हेलीवाडी क्षेत्र में रविवार देर रात दुर्लभ कश्यप और उसके दोस्त पर पुरानी रंजिश के चलते कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इस दौरान गोलियां भी चलीं। विवाद में दुर्लभ की धारदार हथियार से हत्या कर दी।

# कोरोना संक्रमित की लाश गांव के पास जलाने से भड़के ग्रामीण, लगाया जाम



**शव के अवशेष को हटाने और गांव के सैनिटाइजेशन पर माने**

**रायगढ़/खरसिया, (एजेंसी)।** धर्म और कर्म के नाम से प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ के खरसिया में रविवार को कोरोना की वजह से दिवंगत 65 वर्षीय बुजुर्ग के अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को भटकना पड़ा।

कोरोना की वजह से 65 वर्षीय बुजुर्ग की रविवार को जिले के एक निजी हास्पिटल में मौत हो गई। जिला मुख्यालय से नगर शव पहुंचते ही दावानल की तरह कोरोना पॉजिटिव व्यक्ति के मौत होने की बात फैल गई। नगर के व्यापारी समुदाय से जुड़े बुजुर्ग का शव घर के पीछे एम्बुलेंस में रखे रहा। परिजन शव लेकर ठाकुरदिया स्थित श्मशान लेकर पहुंचे तो वहां आस-पास के रहवासियों ने भी शव के अंतिम संस्कार किए जाने का विरोध किया। आखिरकार थक-हारकर परिजन नगर के हृदय स्थल टॉउन हाल शव को लेकर पहुंच गए।

रात करीबन डेढ़ बजे शव को लेकर टॉउनहाल में पहुंचने की जानकारी होने पर खरसिया एससीएम गिरीश रामटेके, खरसिया थाना प्रभारी सुमत राम साहू पहुंच परिजनों को समझाइश देकर नगर से दूर पहाड़ किनारे कोविड़ नियमों के अनुरूप देर रात दाह संस्कार कराया। लेकिन यहां भी ग्रामीणों को खबर मिलते ही विरोध की चिंगारी सुलग उठी। सुबह आधे-अधूरे जले शव को देखते हुए ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और बाम्हनपाली चौक में चक्काजाम कर दिया। सुबह 11 बजे से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर एसडीएम रामटेके मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के गुस्से को देखते हुए उन्होंने शव के अवशेष को उठाए जाने के साथ गांव का पूरी तरह से सैनिटाइजेशन् करने का भरोसा दिलाया। इसके बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम खत्म किया।


**पावरग्रिड POWERGRID**

**सूचना**

1. ऊपर नामित आवेदक ने "छत्तीसगढ़ में आईपीपीएस के लिए डब्ल्यूआर-एनआर में पारेषण प्रणाली मजबूतीकरण" के अधीन याचिका 1: सम्पत्ति 1: मौजूदा एचवीडीसी कन्वर्टर स्टेशनों का 3000 मेगावाट से 6000 मेगावाट में उन्नयन हेतु ± 800 केवी चम्पा एवं कुरूक्षेत्र एचवीडीसी स्टेशनों का विस्तार पोल-III (1500 मेगावाट) और सम्पत्ति 2: मौजूदा एचवीडीसी कन्वर्टर स्टेशनों का 3000 मेगावाट से 6000 मेगावाट में उन्नयन हेतु ± 800 केवी चम्पा एवं कुरूक्षेत्र एचवीडीसी स्टेशनों का विस्तार पोल-IV (1500 मेगावाट) के लिए डीओसीओ से 31.03.2024 तक पारेषण किराया के निर्धारण हेतु केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग के समक्ष आवेदन दायर किया है।

2. ऊपर उल्लेखित पारेषण प्रणाली की सम्मिलित सम्पत्ति के लिए लाभार्थी हैं: (1) राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड (2) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमि. (3) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमि. (4) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमि. (5) पंजाब राज्य विद्युत बोर्ड (6) हरियाणा पावर परचेज सेंटर (7) पावर डेवलपमेंट विभाग, जम्मू एवं कश्मीर सरकार (8) उत्तर प्रदेश पावर निगम लिमि. (9) दिल्ली ट्रांसको लिमि. (10) बीएसईएस यमुना पावर लिमि. (11) बीएसईएस राजधानी पावर लिमि. (12) नॉर्थ दिल्ली पावर लिमि. (13) चंडीगढ़ प्रशासन (14) उत्तरांचल पावर निगम लिमि. (15) उत्तर मध्य रेलवे (16) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (17) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (18) मध्य प्रदेश पावर प्रबंधन कंपनी लिमि. (19) मध्य प्रदेश पावर पारेषण कंपनी लिमि. (20) मध्य प्रदेश औद्योगिक केंद्र (21) महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमि. (22) महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी लिमि. (23) गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमि. (24) गुजरात ऊर्जा पारेषण निगम लिमिटेड (25) विद्युत विभाग, गोवा सरकार (26) विद्युत विभाग, दमन एवं दीव प्रशासन (27) विद्युत विभाग, दादर नागर हवेली प्रशासन (28) छत्तीसगढ़ राज्य पावर पारेषण कंपनी लिमि. (29) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत बोर्ड (30) छत्तीसगढ़ राज्य पावर वितरण कंपनी लिमि.।

| क्र. सं. | विषय | याचिका 1 |
|---|---|---|
| 1 | परियोजना की अनुमोदित पूंजी लागत (रु. करोड़ में) | 5151.37 |
| 2 | पूंजी लागत को अनुमोदित करने वाला प्राधिकरण | निदेशक मंडल |
| 3 | वाणिज्यिक संचालन की निर्धारित तिथि | 20.03.2018 |
| 4 | वाणिज्यिक संचालन की तिथि | 05.10.2019, 30.03.2020 |
| 5 | डीओसीओ पर पूंजी लागत (रु. करोड़ में) | 2007.74, 1395.80 |

3. **किराया का विवरण: 2019-24** (रु. लाख में)

| याचिका | सम्पत्ति | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| याचिका 1 | सम्पत्ति-I | 14244.05 | 30606.54 | 32132.51 | 33067.59 | 33222.64 |
| | सम्पत्ति-II | 109.25 | 20359.87 | 20981.75 | 21341.56 | 21312.31 |

4. किराया निर्धारण के लिए किये गये आवेदन की प्रति आवेदक की वेबसाइट **www.powergridindia.com** पर पोस्ट की गई है।

5. आवदेन में उल्लेखित किराया निर्धारण के लिए प्रस्तावों पर लाभार्थी सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा सुझाव एवं आपत्तियां, यदि हो, की एक प्रति आवेदक के कॉर्पोरेट कार्यालय "सौदामिनी", प्लॉट नं. 2, सेक्टर-29, गुड़गांव-122001, हरियाणा के साथ सचिव, केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग, तृतीय एवं चतुर्थ तल, चंद्रलोक भवन, जनपथ, नई दिल्ली-110001 (या कोई अन्य पता, जहां आयोग का कार्यालय स्थित हो) के समक्ष इस सूचना के प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अंदर दर्ज करा सकता है।

स्थान: नई दिल्ली
तिथि: 03.09.2020
हस्ता/-
वरिष्ठ महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

PG/CC/Notice-37/Ad-47/2020-21/SPAN

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजीकृत कार्यालय : बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
निगमित कार्या. : "सौदामिनी", प्लॉट सं.-2, सैक्टर-29, गुड़गांव, हरियाणा-122001, फोन : 0124-2571700-719
वेबसाइट : www.powergridindia.com सीआईएन : L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू



**कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड सीहोर (म.प्र.)**
Mail ID :- eephseh@nic.in, Fax No. :- 07562-224092, Telephone No. 07562-224092, New Bus Stand Sehore 466001 (M.P.)

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 15/नि.प्र./खण्ड सीहोर/लोस्वायाँवि/2020-21 सीहोर,दिनांक 02.09.2020

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई-टेण्डरिंग पद्धति द्वारा ऑनलाइन निविदाओं में निहित शर्तो के अनुरूप आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यो का विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नही होगा।

| निविदा क्रमांक | कार्य | अनुमानित लागत (रु. में) | धरोहर राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य-(रु.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2020_PHED_1 04918_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड सीहोर के ग्राम **बाजारगांव** में नलकूप स्त्रोत आधारित रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना का सर्वेक्षण, अन्वेषण, रूपांकन एवं नलकूपों पर पावर पम्प की स्थापना, नवीन विद्युत संयोजन, 40 कि. ली जल संग्रहण क्षमता के सम्पवेल कम पम्प हाउस का निर्माण, राईजिंग मेन एवं जल वितरण नलिकाओं के बिछाने एवं जोडने का कार्य, घरेलू नल कनेक्शन, योजना का 90 दिवस का ट्रायलरन के कार्य सहित। | 2603545.00 | 50000.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 2020_PHED_1 04922_1 | सीहोर जिले के विकासखण्ड सीहोर के ग्राम **डोंडी** में नलकूप स्त्रोत आधारित रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना का सर्वेक्षण, अन्वेषण, रूपांकन एवं नलकूपों पर पावर पम्प की स्थापना, नवीन विद्युत संयोजन, राईजिंग मेन एवं जल वितरण नलिकाओं के बिछाने एवं जोडने का कार्य, घरेलू नल कनेक्शन, योजना का 90 दिवस का ट्रायलरन के कार्य सहित। | 2654843.00 | 50000.00 | 5000.00 | 06 माह |

| क्र | कार्यक्रम का विवरण | निर्धारित निविदा कार्यक्रम (की-डेट्स) एवं समय |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाइन निविदा प्रकाशन का दिनांक | 02.09.2020, 04.00 |
| 02 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड/विकय प्रारम्भ दिनांक | 02.09.2020, 04.00 |
| 03 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड का अन्तिम दिनांक | 16.09.2020, 05.30 |
| 04 | ऑनलाइन बिड सबमिशन की प्रारम्भ दिनांक | 02.09.2020, 04.05 |
| 05 | ऑन लाइन बिड सबमिशन की अन्तिम दिनांक | 16.09.2020, 05.30 |
| 06 | बिड ओपनिंग दिनांक | 18.09.2020, 02.00 |

(एम.सी अहिरवार)
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सीहोर (म.प्र.)

G-13794/20





**पश्चिम रेलवे चार अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन्स संचालित करेगा**
**वलसाड-मुजफ्फरपुर, इंदौर-हावड़ा, अहमदाबाद-भुवनेश्वर, एवं इंदौर-नई दिल्ली के मध्य**
**12 सितंबर, 2020 से प्रभावी**

**पश्चिम रेलवे वाया वसई रोड-पालनपुर एवं वाया नागदा-भोपाल हेतु दो और स्पेशल ट्रेन्स संचालित करेगा।**

**वलसाड ⇄ मुजफ्फरपुर** (प्रत्येक सप्ताह)

| ट्रेन नं. | प्रस्थान | आगमन | सेवाओं के दिन |
|---|---|---|---|
| 09051 | वलसाड 20.15 बजे | मुजफ्फरपुर 07.15 बजे (तीसरा दिवस) | शनिवार 12 सितंबर, 2020 से प्रभावी |
| 09052 | मुजफ्फरपुर 19.30 बजे | वलसाड 05.05 बजे (तीसरा दिवस) | सोमवार 14 सितंबर, 2020 से प्रभावी |

**हाल्ट्स** : दोनों दिशाओं में उधना जं., नंदूरबार, जलगाँव , भुसावल जं., इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराजा, चेओकी, वाराणसी, बलिया, छपरा, सोनपुर एवं हाजीपुर जं.

**कंपोजीशन** : एसी 2 टीयर, एसी 3 टीयर, स्लीपर क्लास एवं सेकेंड क्लास सीटिंग कोच

**इंदौर जं. ⇄ हावड़ा** (सुपरफास्ट सप्ताह में तीन बार)

| ट्रेन नं. | प्रस्थान | आगमन | सेवाओं के दिन |
|---|---|---|---|
| 02911 | इंदौर जं. 23.30 बजे | हावड़ा 06.50 बजे (तीसरा दिवस) | मंगल, गुरू एवं शनि 12 सितंबर, 2020 से प्रभावी |
| 02912 | हावड़ा 17.45 बजे | इंदौर जं. 01.35 बजे (तीसरा दिवस) | सोम, गुरू एवं शनि 14 सितंबर, 2020 से प्रभावी |

**हाल्ट्स** : दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन जं., शुजालपुर, भोपाल, विदिशा, गंज बासौदा, बीना जं., खुरई, सागौर, दमोह, कटनी, मुरवाड़ा, मैहर, सतना माणिकपुर जं., दाभौरा, शंकरगढ़, विंध्याचल, मिर्जापुर, चुनार, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं., भबुआ रोड, सासाराम, अनुग्रहा एन रोड, गया जं., कोडेरमा, पारसनाथ, गोमोह जं., धनबाद जं., आसानोल मैन, दुर्गापुर एवं बर्धमान स्टेशन

**कंपोजीशन** : एसी 2 टीयर, एसी 3 टीयर, स्लीपर क्लास एवं सेकेंड क्लास सीटिंग कोच

**अहमदाबाद ⇄ भुवनेशवर** (प्रत्येक सप्ताह)

| ट्रेन नं. | प्रस्थान | आगमन | सेवाओं के दिन |
|---|---|---|---|
| 08406 | अहमदाबाद 18.40 बजे | भुवनेशवर 06.25 बजे (तीसरा दिवस) | शुक्रवार 18 सितंबर, 2020 से प्रभावी |
| 08405 | भुवनेशवर 19.40 बजे | अहमदाबाद 07.25 बजे (तीसरा दिवस) | बुधवार 16 सितंबर, 2020 से प्रभावी |

**हाल्ट्स** : दोनों दिशाओं में आणंद, वडोदरा जं., भरूच जं., सूरत, नंदूरबार, जलगाँव, भुसावल, मल्कापुर, अकोला जं., बडनेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर, महासमुंद, खैरियर रोड, कांताबंजी, तितलागढ़, बालनगीर, बारगढ़ रोड, संबलपुर, अंजुल, तालछेर एवं ढेनकनाल स्टेशन

**कंपोजीशन** : एसी 2 टीयर, एसी 3 टीयर, स्लीपर क्लास एवं सेकेंड क्लास सीटिंग कोच

**इंदौर जं. ⇄ नई दिल्ली** (सुपरफास्ट स्पेशल)

| ट्रेन नं. | प्रस्थान | आगमन | सेवाओं के दिन |
|---|---|---|---|
| 02415 | इंदौर जं. 16.35 बजे | नई दिल्ली 06.10 बजे (अगले दिवस) | प्रतिदिन 13 सितंबर, 2020 से प्रभावी |
| 02416 | नई दिल्ली 22.00 बजे | इंदौर जं. 11.40 बजे (अगले दिवस) | प्रतिदिन 12 सितंबर, 2020 से प्रभावी |

**हाल्ट्स** : दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन जं., नागदा जं., विक्रमगढ़ आलोट, चाऊ महल, शामगढ़, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना जं., भरतपुर, मथुरा जं. एवं ह. निजामुद्दीन स्टेशन। ट्रेन नं. 02415 का फरीदाबाद स्टेशन में एक अतिरिक्त हाल्ट होगा।

**कंपोजीशन** : फर्स्ट एसी, एसी 2 टीयर, एसी 3 टीयर, स्लीपर क्लास एवं सेकेंड क्लास सीटिंग कोच

उपरोक्त सभी स्पेशल ट्रेन पूर्णत: आरक्षित होंगी। ट्रेन नं. 09051, 02911, 02415 एवं 08406 पर बुकिंग नामांकित पीआरएस काउंटरों एवं आईआरसीटीसी वेबसाइट पर 10 सितंबर, 2020 से प्रारंभ होंगी

प.रे. हाल्ट से गुजरने वाली ट्रेन नं. 06587/06588 यशवंतपुर-बीकानेर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल वाया वसई रोड-पालनपुर, यशवंतपुर से 13 सितंबर, 2020 से प्रभावी एवं बीकानेर से 15 सितंबर, 2020 से प्रभावी एवं ट्रेन नं. 02976/02975 जयपुर-मैसूर द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन वाया नागदा-भोपाल 14 सितंबर, 2020 से प्रभावी एवं मैसूर से 17 सितंबर, 2020 से प्रभावी

**पश्चिम रेलवे**
www.wr.indianrailways.gov.in
हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

सभी आरक्षित टिकटों के लिये कृपया आईडी प्रूफ साथ रखें।